Title : Regarding need to open Regional Office of Provident Fund at Surat, Gujarat.

(vi) Need to open Regional Office of Provident Fund at Surat, Gujarat

श्री काशीराम राणा : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सूरत में 8 लाख के करीब भविष्य निधि में खाते हैं और 4 अप्रैल, 2005 में सूरत में भविष्य निधि के क्षेत्रीय कार्यालय खोलने हेतु एक अधिसूचना जारी हुई थी परन्तु इस कार्यालय को सूरत में स्थापित नहीं करके इसे बडोदरा में स्थापित कर दिया गया है जहां पर केवल साढ़े चार लाख खाते ही हैं। जीआईडीसी में जो उद्योग है, वह बड़ोदरा से ज्यादा सूरत में है और मजदूरों की संख्या भी बडोदरा से ज्यादा सूरत में है। इस प्रकार के निर्णय से अधिक संख्या वाले भविष्य निधि खाते वाले जिले को यह फायदा न पहुंचाकर कम खाते वाले क्षेत्र को दिया जाना न्यायसंगत नहीं है।

सरकार से अनुरोध है कि सूरत में अधिक खाते की संख्या को देखते हुए और अधिक से अधिक मजदूरों को फायदा हो, इसके लिए भविष्य निधि के क्षेत्रीय कार्यालय की जो स्वीकृति हुई थी, उसके अनुरूप इस कार्यालय की स्थापना शीघ्र की जाए।